# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# नारनौल

# वार्षिक प्रतिवेदन

सत्र 2021-22

प्रस्तुतकर्ता : डॉ. पूर्ण प्रभा
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, नारनौल

Principal
Govt. College
Narnaul

# महाविद्यालय का अद्यतन इतिहास

महोदय, इस महाविद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है। सन् 1954 में मात्र 54 विद्यार्थियों से प्रारम्भ हुए इस महाविद्यालय के वर्तमान शिक्षा–सत्र में कुल 3998 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया हैं। 68 वर्ष पुरानी यह संस्था हरियाणा राज्य की अग्रणी प्राचीनतम शिक्षण संस्थाओं में से एक है। सत्र् 2004–05 में इस संस्था ने अपनी स्थापना की स्वर्ण जयन्ती मनाई थी और इसे राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन समिति, बंगलौर {NAAC} द्वारा {B+} श्रेणी से अलंकृत किया गया है। जो हमारे लिये गौरव की बात है। पूरे हरियाणा में अभी तक यही एक मात्र ऐसी संस्था है जहां भूगर्भ–शास्त्र में स्नातकोत्तर स्तर तक पढ़ाने का प्रबन्ध है। यहां कला, वाणिज्य और विज्ञान संकायों में अध्ययन की व्यवस्था है। आज हमारे महाविद्यालय में अंग्रेजी, भूगोल, भूगर्भशास्त्र, गणित, रसायन शास्त्र, बॉटनी, जूलोजी ,एम0कॉम, हिन्दी, कम्प्यूटर साईन्स एवं पी.जी.डी.सी.ए. (ग्यारह विषयों) में स्नातकोत्तर कक्षाएं चल रही हैं। बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 तथा बी0एस0सी0 कम्प्यूटर साईन्स जैसे रोजगारपरक कोर्स यहॉ पढाये जाते हैं। इस सत्र में नवीन ऐच्छिक विषय लोक प्रशासन स्नातक स्तर पर आरम्भ हुआ है। इस महाविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में कई कीर्तिमान स्थापित करते हुए अनेक राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के राजनेता, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, वकील, वैज्ञानिक, आई0ए0एस0, आई0पी0एस0, आई0एफ0एस0, एच0सी0एस0, आई0आर0एस0,उच्च सैन्य अधिकारी, एम0बी0ए0, चार्टेड एकाउन्टेन्ट आदि दिये हैं, जो इस वक्त पूरे विश्व में निर्माणात्मक और उपयोगी सेवा में कार्यरत हैं।

महोदय,इस महाविद्यालय का परिसर लगभग 25 एकड़ में फैला हुआ है, जिसमें सभी सुविधाओं से सुसज्जित बड़े–बड़े खेल के मैदान, प्रयोगशालायें, लॉन हैं। इस महाविद्यालय में दो तल का एक पुस्तकालय है। जिसमें विभिन्न पत्र–पत्रिकायें नवीनतम जानकारी लिए हुए प्रतिदिन विद्यार्थियों का ज्ञानवर्द्धन करती हैं। हाल ही में

मल्टीपरपज हॉल, 12 कमरों के शिक्षण ब्लॉक तथा पार्किंग से प्रशासनिक भवन तक की संपर्क सिमेंट सड़क का निर्माण हुआ जिसका लाभ महाविद्यालय को मिल रहा है।

## महाविद्यालय परिवार

महोदय, हमारे महाविद्यालय परिवार के सदस्यों की संख्या 95 है। इस महाविद्यालय में 23 नियमित प्राध्यापक, 60 एक्सटेंशन व्याख्याता, 2 लिपिक, 07 प्रयोगशाला सहायक, 05 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं ।

संस्था में प्राध्यापकों के स्वीकृत 111 पदों में से 88 पद तथा गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के 53 स्वीकृत पदों में से 39 पद आज भी रिक्त पड़े हुए हैं। हम इन रिक्त पदों पर यथाशीघ्र नियुक्तियों की आशा करते हैं ताकि विद्यार्थियों के अध्ययन की समुचित व्यवस्था की जा सके।

## प्राध्यापक–वृन्द की उपलब्धियां

महोदय् इस महाविद्यालय के प्राध्यापक न केवल शिक्षण–कर्म के प्रति समर्पण भाव से कार्यरत हैं, बल्कि स्वयं भी स्वाध्याय और शोध–कार्य में संलग्न रहते हैं ।

- डॉ चन्द्र मोहन एसोसिएट प्रोफेसर भुगोल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर हरियाणा सरकार के सहकारित जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल और जिला उपायुक्त डॉ जे0 के0 आभीर के कर कमलो से हरियाणा राज्य और जिला महेन्द्रगढ़ की मौसम संबंधित स्टिक जानकारी देने के लिए प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया साथ ही जिला रेड क्रॉस की गतिविधियों में अगृणि भूमिका हेतू जिला उपायुक्त महोदय से प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया । डॉ0 चन्द्र मोहन के द्वारा 10 राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय सेमिनारो में हिस्सा लिया और अपने शौध पेपर प्रस्तुत किए साथ ही साथ 10 ऑनलाइन National Institute of Disaster Management (Ministry of Home Affairs, Govt. of India) के विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने कि ट्रेनिंग की साथ ही साथ National Institute of Agricultural Extension Management , Hydrabad के द्वारा कृषि विषय पर 5 ऑनलाइन ट्रेनिंग की , इसके अलावा हरियाणा रेड क्रॉस समिति द्वारा बिग्रेड ऑफिसर की ट्रेनिंग की Indra Gandhi Open

University और M.G.R University के द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा निति पर शॉर्ट ट्रम कॉर्स किए साथ ही साथ यदुवंशी शिक्षा निकेतन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में चेयरपर्सन की भूमिका निभाई ।

- डॉ0 सत्यपाल सुलोदिया, एसिस्टेंट प्रोफेसर ने एक सप्ताह की नई शिक्षा नीति–2020 पर मास्टर ट्रेनिंग की तथा रैड–कॉस सोसायटी के राज्य स्तरीय कैंप में वृंदावन में उत्कृष्ट भूमिका निभाई। इसके अलावा इन्होंने रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से 15 दिन का प्राणीशास्त्र में रिफ्रेशर कोर्स किया।
- डॉ0 सतीश सैनी, एसोसिएट प्रोफेसर कंप्यूटर साइंस ने एक सप्ताह की नई शिक्षा नीति–2020 पर मास्टर ट्रेनिंग की साथ ही साथ गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय नोएडा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में चेयरपर्सन की भूमिका निभाई
- डॉ सोनू जागलान को कुमायुं विश्वविद्यालय नैनीताल से भू–गर्भ शास्त्र में पीएच.डी. की उपाधि से अलंकृत किया गया।
- डॉ गीता रानी ने प्रबन्ध विषय में केन्द्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की।

- कम्प्यूटर साईंस की सहायक प्रोफेसर ने कई सेमिनार व गोष्ठियों में हिस्सा लिया।

- डॉ नरेश कुमार यादव अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष I.G.U मीरपुर की कोर्ट के सदस्य चुने गये व झारखण्ड लोक सेवा आयोग के परीक्षक पैनल पर चयन हुआ।

- भू–गर्भ शास्त्र, वाणिज्य, हिन्दी, अंग्रेजी, कम्प्यूटर साईंस के प्राध्यापको ने बहुत सारे राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार एवं गोष्टियों में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- श्रीमती पूजा वर्मा विस्तार व्याख्याता (अर्थशास्त्र) ने Faculty Development Programme के तहत सेमिनार में हिस्सा लिया तथा शोध पत्र प्रस्तुत किया।

## शैक्षणिक उपलब्धियां

महोदय, हमारे लिए यह हर्ष का विषय है कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय के वार्षिक परीक्षा–परिणाम विश्वविद्यालय से बहुत अच्छे रहे हैं।

- महोदय, बड़ी प्रसन्नता की बात है कि हमारे महाविद्यालय के छात्र/छात्राएं जिसमें क्रमशः ललीता पुत्री राजकुमार एम.एससी. जियोलॉजी, पूजा पुत्री राजेश

कुमार बी.एससी. कम्प्यूटर साईस, राघव पुत्र आनन्द प्रकाश एम.ए. इंग्लिश, सोनिया पुत्री कुलदीप सिंह एम.ए. हिन्दी, रिया आहुजा पुत्री महेश कुमार पीजीडीसीए, मंजू पुत्री श्री बीर सिंह, यश कुमार पुत्र जय प्रकाश, जितेन्द्र पुत्र अनिल कुमार शर्मा पीजीडीसीए ने विश्वविद्यालय में मैरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है।

- इसी प्रकार दीपक कुमार पुत्र कृष्ण कुमार ने एम.एससी कम्प्यूटर साईस तथा भूगोल विषय में एम.एससी. के छात्रों ने जिसमें दीपक कुमार, पूनम कुमार, सरोज कुमारी, स्नेहा व ज्योति ने विश्वविद्यालय की द्वितीय सैमेस्टर की मैरिट सूची में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

## सांस्कृतिक गतिविधियां

- व्यक्तित्व–विकास के लिए पढाई–लिखाई एक आधार प्रदान करती है, तो सहपाठ्य गतिविधियां एक पूरक तथा समानान्तर मंच उपलब्ध करवाती हैं।
- महोदय सांस्कृतिक क्षेत्र में हमारे विद्यार्थियों की सदा ही विशेष उपलब्धियां रही हैं।
- दिनांक 23, 24 व 25 नवम्बर को आयोजित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के युवा महोत्सव में हमारे महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया व 6 पुरूस्कार प्राप्त किये और महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
- नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में महाविद्यालय के दो छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- महोदय, सांस्कृतिक क्षेत्र में इन समस्त उपलब्धियों का श्रेय अंग्रेजी विभागाध्यक्ष श्री नरेश कुमार यादव सांस्कृतिक गतिविधियों के संयोजक को दिया जाता है, क्योंकि इनके दिशा निर्देशन में साल भर सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राध्यापक बधाई के पात्र हैं।

## क्रीड़ा–जगत्

- महोदय, इस वर्ष खेलों के क्षेत्र में हमारे महाविद्यालय की विशिष्ट उपलब्धियां इस प्रकार रहीः–

- हमारे महाविद्यालय की तीरंदाजी,बास्केटबॉल,ताईक्वांडो,जूडो,कुश्ती, वुशु,शतरंज आदि में टीमों ने इंटर कॉलेज व इंटर यूनिवर्सिटी स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया।

- इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय मीरपुर की तरफ से तीरंदाजी (25 नवम्बर 2022)व जूडो 10दिसम्बर 2022 को इंटर कालेज प्रतियोगिता का आयोजन हमारे महाविद्यालय द्वारा किया गया जिसमे तीन छात्रों ने तीरंदाजी में छात्र व छात्राओं ने जूडो इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता मे भाग लिया छात्रा नीतू सोनी (पी जी डी सी ए) ने आर्चरी नेशनल गेम मे **gold medal** व सटल कोक मे **state level** पर **silver** तमगा व छात्र देवेन्द्र कुमार ने **state level** पर ताईक्वांडो मे **gold medal** प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

- दिनाक 03-04 मार्च 2023 को महाविद्यालय में 66 वीं वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमे छात्र विकास S/o सुरेन्द्र कुमार B.A-II को सर्वश्रेष्ठ छात्र खिलाड़ी तथा रीना पुत्री चिरंजीवलाल B.Sc.IInd को सर्वश्रेष्ठ छात्रा खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया।

- इन सभी गतिविधियो के संचालन मे हमारे इतिहास के प्राध्यापक डॉ0 संजय तँवर व डॉ0 कपिल देव का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

- महोदय, जिन्होने वर्षभर इन खेलों के संचालन में अपनी सराहनीय भूमिका निभाई उनका तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकवृन्द, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के सभी कर्मचारियो का भी इस आयोजन के सफल संचालन में सहयोग देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवादी हूं।

## एन0सी0सी0–राष्ट्रीय कैडेट कोर

- महोदय महाविद्यालय में एन0सी0सी0 की दो कम्पनी है। जिसमें 160 कैडिट्स है। एन0सी0सी0 छात्र विंग के अधिकारी श्री भारत भूषण एवं महिला विंग की अधिकारी डॉ. मीना यादव है। एनसीसी के तत्वाधान में जो गतिविधिया चलाई गई उनका संक्षेप मे विवरण निम्न प्रकार से है :-

1. स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस पर बहुत बड़े स्तर पर एनसीसी द्वारा आयोजन किया गया।

2. तम्बाकू के सेवन पर रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।

3. 21 जून 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग के प्रचार–प्रसार के लिए एनसीसी कैडेट्स द्वारा अभियान चलाया गया।

4. 9 जुलाई 2022 को मेजर जनरल राजीव छिब्बर द्वारा महाविद्यालय का दौरा किया गया व एन.सी.सी. गतिविधियों की प्रशंसा की।

5. स्थानीय मनुमुक्त मानव ट्रस्ट द्वारा महाविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ एन0सी0सी0 कैडेट्स को नकद पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## एन0एस0एस0–राष्ट्रीय सेवा योजना

○ महाविद्यालय में एन0एस0एस0 की तीन यूनिट कार्यरत हैं। जिसमें दो यूनिट लड़को एवं एक यूनिट लड़कियों की हैं। तीनों यूनिटों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुभाष चन्द, डॉ0 सतपाल सुलोदिया व श्रीमती पलक की देख–रेख में एनएसएस बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है जिनका संक्षेप में विवरण निम्न प्रकार से है –

1. 7 दिवसीय शिविर जो कि ग्राम पटीकरा में आयोजित किया गया, में स्वयं सेवको ने बढ़–चढ़ कर ग्राम की सफाई की व जागरूकता अभियान चलाया।
2. स्वयं सेवकों द्वारा नारनौल शहर में सड़क सुरक्षा अभियान का भी आयोजन किया।
3. इसके अतिरिक्त तीनों ईकाइयां समय–समय पर विभिन्न प्रकार के जागरूकता अभियान, सफाई अभियान व समाजहित के कार्यक्रमों का संचालन करती रहती है।

## महिला विकास–प्रकोष्ठ

○ महिला प्रकोष्ठ महाविद्यालय की छात्राओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के साथ–साथ उन्हे उनके अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति जागरुक करने के लिए प्रतिबद्व है।

○ समय–समय पर छात्राओं के साथ विचार–विनिमय द्वारा छात्राओं को महिला उत्पीड़न के विभिन्न तरीकों से अवगत करवाया गया और उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई।

- महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत सालभर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें मेंहदी, पोस्टर मेकिंग, श्लोगन राईटिंग, भाषण एवं रंगोली आदि प्रतियोगिताएं शामिल रही।

- कार्य स्थल पर महिलाओं के विरूद्ध हो रहे अपराधों की रोकथाम हेतु एक रैली का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत शहर के विभिन्न स्थानों पर पोस्टर व बैनर की मदद से लोगों को जागरूक किया गया।

- आत्म रक्षा हेतु महाविद्यालय की छात्राओं को प्रशिक्षण दिलवाया गया।

## कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ

- राजकीय महाविद्यालय, नारनौल में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ प्राचार्य महोदया के कुशल नेतृत्व में प्रभारी प्रोफेसर महेन्द्र सिंह गुद्गिल की देख–रेख में कार्य कर रहा है। वर्तमान सत्र 2022–23 में प्रकोष्ठ के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों जैसे प्रतियोगितायें, सेमिनार, कैम्प इत्यादि का आयोजन किया गया ताकि युवा विद्यार्थियों को समाज के विभिन्न विषयों के बारे में जागरुक किया जा सके।

- दिनांक 15 मार्च 2023 को एक सैमिनार का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में छात्र/छात्राओं ने हिस्सा लिया व ईनाम प्राप्त किए।

## रोजगार –परामर्श–प्रकोष्ठ

- महाविद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ने के साथ–साथ कैरियर गाईडैन्स के लिए रोजगार परामर्श प्रकोष्ठ निरन्तर गत वर्षों की भांति श्री सुधीर कुमार सहायक प्राध्यापक की देखरेख में बखूबी कार्य कर रहा है। सत्र् 2022–23 के दौरान प्रकोष्ठ की तरफ से बहुत सारी गतिविधियां करवाई गई ताकि विद्यार्थी उचित रोजगार प्राप्त कर सकें।

- महाविद्यालय के बहुत सारे छात्र/छात्राएं श्री सुधीर कुमार के नेतृत्त्व में गुरूग्राम रोजगार मेले में शामिल होने गए व वहां से लाभान्वित हो कर आए।

- विद्यार्थियों को रोजगार हेतु अवसरों के बारे में सूचना देने एवं अध्ययन सामग्री के रूप में विभिन्न प्रतियोगिता से सम्बन्धित पुस्तकें, पत्रिकाएं सालभर उपलब्ध करवाई जाती हैं।

## शैक्षणिक भ्रमण

- महोदय, समय–समय पर विद्यार्थियों को अपने विषय से सम्बन्धित ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, व्यावहारिक व प्रत्यक्षतः जानकारी देने के लिए माननीय उच्चतर शिक्षा आयुक्त हरियाणा द्वारा प्राप्त अनुदान से हर वर्ष महाविद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण करवाया जाता हैं।

- महोदय, महाविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 हवा सिंह यादव के नेतृत्व में भू–गर्भ शास्त्र के विद्यार्थियों ने भौगोलिक भ्रमण उदयपुर व माउण्ट आबू (राजस्थान) के स्थानों पर भ्रमण करके लाभांवित हुए हैं।

- भूगर्भ विभाग के प्राध्यापक डॉ0 सोनू जागलान व श्रीमति सपना यादव के नेतृत्व में भूगर्भ विभाग के छात्रों ने पंचकूला की शिवालिक की पहाड़ियों का शैक्षणिक भ्रमण किया।

## पूर्व छात्र मिलन समारोह

महोदय इस शैक्षणिक सत्र में दिनांक 11.03.2023 को पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें कि माननीय डॉ. बनवारी लाल मंत्री हरियाणा सरकार मुख्य अतिथि व आप स्वयं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस सम्मेलन में पुराने छात्रों ने अपने अनुभव सांझा किये व महाविद्यालय को आर्थिक योगदान भी दिया। पूर्व छात्र श्री तेजप्रकाश एडवोकेट ने अपने नीजि कोष से छात्रों के लिए पानी के टैंक का निर्माण करवाया।

## विद्यार्थियों की वित्तिय सहायता

लोक–कल्याणकारी एवं जनतांत्रिक सरकार द्वारा समय–समय पर प्राप्त निर्देशों के अन्तर्गत इस वर्ष हमारे महाविद्यालय द्वारा विभिन्न वर्गो को दी गई आर्थिक सहायता व सुविधाएं प्रदान की जाती हैं जैसेः कन्सोलिडेटिड स्कीम फार एस0सी0 स्टूडैटंस अपीयरिंग इन हायर एज्यूकेशन, पिछड़ी श्रेणी छात्रवृत्ति, स्वतंत्रता सेनानी आश्रित छात्रवृत्ति, अनुसूचित जाति के छात्रों को आवासीय छात्रवृत्ति, स्टेट मैरिट स्कॉलर्शिप

पोस्ट मैट्रिक। यू0जी0, फ्रेश स्टेट मैरिट स्कॉलर्शिप यू0जी0, मैरिट स्कॉलर्शिप गर्ल्स एज्यूकेशन रिनिवल

## ट्युटोरियल–ग्रुप्स

- महोदय, महाविद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर रहे समस्त विद्यार्थियों को 60–60 विद्यार्थियों के 113 समूहों में बांटा गया है। प्रत्येक समूह का प्रभारी प्राध्यापक अपने विद्यार्थियों की समस्त शैक्षणिक व अन्य समस्याओं के समुचित समाधान के लिए तत्पर रहते हैं।

  प्रत्येक शनिवार को टयूटोरियल ग्रुप की मीटिंग होती है जिसमें छात्र/छात्राओं की समस्याओं का समाधान किया जाता है। डा0 जगजीत सिंह मोर इसके प्रभारी हैं, उनकी देखरेख में यह कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

## रैड कॉस/रैड रिब्बन क्लब

- महाविद्यालय में रैड कॉस प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों में समानता, सहयोग, सुरक्षा एवं मित्रता का पाठ पढ़ाया है, इस प्रकोष्ठ के तहत रैड रिब्बन क्लब द्वारा समय–समय पर महाविद्यालय में गतिविधियां आयोजित की जाती है तथा रैड क्रास/रैड रिब्बन क्लब के तत्वाधान में महाविद्यालय के छात्र/छात्राएं जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने गये व राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर महामहिम राजपाल द्वारा ऑलऑवर चैंपियन ट्रॉफी प्राप्त करके महाविद्यालय और जिला महेन्द्रगढ़ और हरियाणा राज्य का नाम रोशन किया।

  - डॉ. चन्द्रमोहन प्राध्यापक भूगोल के नेतृत्व में महाविद्यालय में रैड क्रास के सौजन्य से समय–समय पर रक्तदान शिविरों को आयोजन किया जाता है। योग क्लब द्वारा विद्यार्थीयों को योग शिक्षा दी जाती है।

  - डॉ0 चंद्रमोहन प्राध्यापक भूगोल के नेतृत्व में महाविद्यालय के पर्यावरण क्लब द्वारा अनेक प्रकार की गतिविधियों को चलाया जाता है। जिससे पर्यावरण स्वच्छ रहे साथ ही साथ संपूर्ण हरियाणा और जिला महेन्द्रगढ़ की मौसम संबंधित जानकारियां पत्र–पत्रिकाओं और समाचार पत्र सोशल मीड़िया और इलेक्ट्रॉनिक मीड़िया के माध्यम से समय–समय पर प्रेरित की जाती है।

## महाविद्यालय पत्रिका

महाविद्यालय छात्र एवं छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित व विकसित करने के लिये एक वार्षिक पत्रिका–"त्रिधारा" का प्रकाशन करता है। अभिव्यक्ति की शक्ति ही व्यक्ति को पशु से अलगाती है। भावोच्छ्वास के मुहुर्त्त में जब संवेदनाएं लोकमंगल के लिए अभिव्यक्ति पाने के लिए छटपटाती हों, तो मानवता धन्य हो जाती है, मां सरस्वती निहाल हो जाती है। इसी अभिव्यक्ति के लिखित प्रशिक्षण के प्रति समर्पित है, हमारी महाविद्यालय पत्रिका– "त्रिधारा"। इस का सम्पादक–मण्डल इस प्रकार है :–

| | | |
|---|---|---|
| | मुख्य सम्पादक | डॉ0 नरेश कुमार यादव, प्राध्यापक, अंग्रेजी–विभाग |
| 1– | हिन्दी–विभाग | डॉ0 मीना यादव, प्राध्यापक सम्पादक |
| 2– | अंग्रेजी–विभाग | श्री सुधीर कुमार, प्राध्यापक सम्पादक |
| 3– | विज्ञान संकाय | श्री सोनू जागलान, प्राध्यापक सम्पादक |
| 4– | वाणिज्य संकाय | डा0 अनीश यादव, प्राध्यापक सम्पादक |

## पुस्तकालय

- महोदय, महाविद्यालय का पुस्तकालय सभी सुविधाओं से सुसज्जित दो तल के भव्य भवन में स्थापित है जिसमें एक सुन्दर वाचनालय की व्यवस्था है ।
- महोदय इस पुस्तकालय में 55,527 पुस्तके हैं इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन व अपने विषय की आधुनिकतम व अन्य सामान्य जानकारी प्राप्त करने के लिए अनेक दैनिक समाचारपत्र/पत्रिकाएं महाविद्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध हैं।
- श्री संजय कुमार कनिष्ठ पुस्तकालय अध्यक्ष के पद पर पुस्तकालय में कार्यरत हैं व वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष का पद रिक्त है।

## समाचार–सम्प्रेषण

महाविद्यालय व छात्रों की शैक्षिक, सांस्कृतिक, खेल विषयक एवं महाविद्यालय से सम्बन्धित अन्य उपलब्धियों से सम्बद्ध समाचार सम्प्रेषण का दायित्व प्रकाशन प्रभारी प्रो0 नरेश कुमार यादव पूरे लग्न व निष्ठा से निर्वहन कर रहे हैं। इनके प्रयत्न से ही महाविद्यालय की प्रत्येक गतिविधि समाचार पत्रों में यथा समय स्थान पाती है।

# इंगलिश लैंग्वेज लैब

महोदय, महाविद्यालय में इंगलिश लैंग्वेज लैब स्थापित की गई है जिसमें एक साथ 52 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने की व्यवस्था है।

महोदय, अंग्रेजी भाषा बोलने का उच्चारण प्रोन्नत करने के लिए इस प्रयोगशाला के माध्यम से दृश्य व श्रव्य उपकरण उपलब्ध हैं। जिसमें प्राध्यापकों/विशेषज्ञों द्वारा यथोचित उच्चारण व उचित ढग से अंग्रेजी बोलने की शिक्षा दी जाती है। इस लैब में 26 कम्प्यूटर इस कार्य के लिए लगाए गए हैं । यह लैब सोफ्ट स्किल्स की पूरक है। श्री सुधीर कुमार सहायक प्रोफेसर इसके प्रभारी हैं।

# आभार प्रदर्शन

माननीय श्री ओमप्रकाश यादव, सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्य मंत्री, सैन्य व अर्धसैन्य कल्याण, अनुसूचित जातिया एव पिछडे वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग मंत्री हरियाणा का विशेष रूप से आभार प्रकट करना चाहती हूँ। आपका महाविद्यालय के विकास कार्यो मे निरंतर सहयोग प्राप्त होता रहा है।

मै, आभार प्रदर्शन के क्रम मे सर्वप्रथम माननीय मुख्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर, हरियाणा सरकार व माननीय शिक्षा मंत्री श्री मूलचन्द जी शर्मा, हरियाणा सरकार के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना अपना कर्तव्य मानती हूँ जिनके कुशल एवं गतिशील नेतृत्व मे हरियाणा शिक्षा के क्षेत्र मे नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

मै, श्री आनन्द मोहन शरण, आई०ए०एस०, अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार, श्री राजीव रतन, आई०.ए०एस०., महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा, पंचकूला के प्रति आभार व्यक्त करती हू जिनका निर्देशन व सहयोग हमारा मार्ग दर्शन करता रहता है ।

मै, इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर–रेवाडी के कुलपपि प्रोफेसर डॉ० जे.पी. यादव, के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करती हूं। जो विश्वविद्यालय सम्बन्धी कार्यो में हमारा मार्गदर्शन करते है।

मै, श्रीमती मोनिका गुप्ता, आई०ए०एस०, उपायुक्त, जिला महेन्द्रगढ व जिले के अन्य उच्च अधिकारियों के कृपापूर्ण सहयोग को भी अत्यन्त विनम्र भाव से स्वीकार करती हूं।

मै, श्री विक्रांत भूषण, पुलिस अधीक्षक, जिला महेन्द्रगढ़ तथा अन्य पुलिस अधिकारियों से यथासमय मिलने वाली सहायता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करती हूं।

मै, जिला महेन्द्रगढ में स्थित महाविद्यालय के सभी प्राचार्यों, जिला अधिकारियों / विभागाध्यक्षों के सहयोग को भी साभार स्वीकार करती हूं।

मै, महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के प्रभारियों, कार्यालय स्टॉफ, विभिन्न प्रयोगशालाओं में कर्मचारी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बंधुओं का भी पूर्ण सहयोग के लिए बहुत ही धन्यवादी हूं।

युवावर्ग देश का उज्ज्वल भविष्य है। इन युवाओं का कदम–कदम पर मार्ग–दर्शन करना, निरन्तर अग्रसर होने की आत्मविश्वासयुक्त भावना भरना हमारा कर्त्तव्य है। हम यह कार्य लगातार करते रहें और कभी भी प्रमाद के वशीभूत न हों, यही कामना और सही विश्वास है।

जय हिन्द।